देहरादून (उत्तराखण्ड)

सोमवार 10.03.2025

समय 0720

मुख्य समाचार :–

- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने ऋषिकेश में अंतर्राष्ट्रीय योग महोत्सव–2025 का शुभारंभ किया, कहा– योग नगरी ऋषिकेश ने भारत ही नहीं अपितु दुनियाभर में अपनी पहचान बनाई है।
- मुख्यमंत्री ने प्रदेश में 'समान नागरिक संहिता' के कार्यान्वयन को महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक नये अध्याय की शुरुआत बताया।
- कुमाऊं मंडल में खड़ी और बैठकी होली धूमधाम से मनाई जा रही है।
- भारत ने फाइनल में न्यूजीलैंड को 4 विकेट से हराकर तीसरी बार चैंपियंस ट्रॉफी पर कब्जा जमाया।

योग महोत्सव

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने ऋषिकेश स्थित परमार्थ निकेतन में अंतर्राष्ट्रीय योग महोत्सव 2025 का शुभारंभ किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने 50 से अधिक देशों व भारत के अनेक राज्यों से आए योग प्रेमियों का भी स्वागत किया। इस अवसर पर श्री धामी ने कहा कि योग नगरी ऋषिकेश ने भारत ही नहीं अपितु दुनियाभर में अपनी पहचान बनाई है, यही कारण है कि ऋषिकेश दुनियाभर के योग और शांति प्रेमी लोगो के लिए पहली पसंदीदा जगह बन गया है।

समान नागरिक संहिता

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में लागू की गई समान नागरिक संहिता से प्रदेश में महिला सशक्तिकरण के नए अध्याय की शुरुआत हुई है। श्री धामी ने उत्तर प्रदेश के गजरौला में स्थित वेंकटेश्वर विश्वविद्यालय में उत्तराखण्ड में सर्वप्रथम 'समान नागरिक संहिता' लागू किये जाने पर आयोजित समारोह में ये बात कही। मुख्यमंत्री ने कहा कि यूसीसी लागू होने से राज्य के सभी नागरिकों को समान अधिकार प्राप्त हुए हैं और मुस्लिम बहन–बेटियों को भी हलाला, बहुविवाह, बाल विवाह और तीन तलाक जैसी कुरीतियों से मुक्ति मिली है। श्री धामी ने कहा कि इस कानून के माध्यम से किसी भी धर्म की मूल मान्यताओं और प्रथाओं को नहीं बदला गया है।

किसान मेला

उधमसिंहनगर के पंतनगर स्थित गोविंद बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में 117वें अखिल भारतीय किसान मेले का आयोजन किया गया। मेले में विश्वविद्यालय के शैक्षणिक डेरी फार्म की गाभिन

संकर और साहीवाल बछियों तथा भैस की कटियों की नीलामी विभिन्न राज्यों से आये किसानों के लिए मुख्य आकर्षण का केंद्र रहा। शैक्षणिक डेयरी फार्म के संयुक्त निदेशक डॉ. एस.के. सिंह ने कहा कि विश्वविद्यालय का प्रयास है कि दूरदराज व ग्रामीण क्षेत्रों में किसानों तक अच्छी नस्ल के पशुधन पहुंचे, जिससे ग्रामीणों का विकास हो सके।

होली

कुमाऊं मंडल में खड़ी और बैठकी होली धूमधाम से मनाई जा रही है। इसी क्रम में केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग राज्य मंत्री अजय टम्टा ने अल्मोड़ा के मल्ला महल में आयोजित नशा मुक्त होली महोत्सव का शुभारंभ किया। इस अवसर पर श्री टम्टा ने महोत्सव में लगी प्रदर्शनी का अवलोकन किया और इसे स्थानीय उत्पादों के प्रचार–प्रसार का बेहतर माध्यम बतायझं मुख्य विकास अधिकारी दिवेश शासनी ने बताया कि जिला प्रशासन ने प्रयास किया है कि कुमाऊं के सभी स्थानों की होली का मंचन मल्ला महल हो, ताकि प्रशासन द्वारा आयोजित नशा मुक्त होली महोत्सव का उद्देश्य पूरा हो सके। महोत्सव में स्कूली छात्र–छात्राओं और महिलाओं ने पारंपरिक होली गीत प्रस्तुत किए। तीन दिवसीय इस महोत्सव में महिलाओं द्वारा सामूहिक होली गायन, महिला समूहों द्वारा विशेष प्रस्तुतियां, शास्त्रीय रागों पर आधारित होली और कुमाऊं की पारंपरिक बैठकी होली आकर्षण का केंद्र रहेगी।

पृथक शौचालय

रुद्रप्रयाग जिले के बालिका बाहुल्य राजकीय माध्यमिक स्कूलों में पृथक शौचालय का निर्माण किया जाएगा। साथ ही पुराने क्षतिग्रस्त शौचालय की मरम्मत की जाएगी। पहले चरण में 24 विद्यालयों में पृथक शौचालय बनाए जाएंगे, जिसके लिए जिला योजना में एक करोड़ रुपये की राशि स्वीकृत की गई है। वर्ष 1997 में अस्तित्व में आये रुद्रप्रयाग जिले में वर्तमान में 108 सरकारी माध्यमिक विद्यालय संचालित हो रहे हैं, जिसमें 28 राजकीय हाईस्कूल और 80 इंटरमिडिएट कॉलेज संचालित हो रहे हैं। वर्तमान में कई विद्यालय ऐसे हैं, जहां शौचालय की समस्या बनी हुई है, जिस कारण वहां पढ़ने वाले छात्र–छात्राओं को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। अब, रुद्रप्रयाग विधानसभा के विधायक भरत सिंह चौधरी के प्रयासों से सभी विद्यालयों में प्राथमिकता से बालिकाओं के लिए पृथक शौचालय बनाए जाएंगे। आकाशवाणी से बातचीत में श्री चौधरी ने बताया कि विधानसभा सहित जिले के सभी विद्यालयों में बिजली, पानी, शौचालय, संचार जैसी मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता के लिए प्राथमिकता से प्रयास किए जा रहे हैं।

वंसतोत्सव

राजधानी देहरादून स्थित राजभवन में तीन दिवसीय वसंतोत्सव में बड़ी संख्या में लोगों ने पुष्पों के प्राकृ तिक सौंदर्य और अन्य कार्यक्रमों का खूब आनंद लिया। वसंतोत्सव–2025 में इस वर्ष की चल वैजंती–

रनिंग ट्राफी रुड़की के भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान– आईआईटी को मिली। गत वर्ष यह ट्रॉफी ओनजीसी को मिली थी।

चैंपियंस ट्रॉफी

न्यूजीलैंड को 4 विकेट से हरा कर भारत ने तीसरी बार चैंपियंस ट्रॉफी पर कब्जा जमाया है। इस जीत के बाद टीम इंडिया को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी समेत कई राजनेताओं ने बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।

और अब एक नज़र आज के समाचार पत्रों की सुर्खियों पर–––

चैंपियंस ट्राफी में भारत की जीत आज सभी समाचार पत्रों की मुख्य सुर्खी बनी है। इस खबर पर दैनिक जागरण ने लिखता है – चैंपियंस ट्रॉफी, भारत की 'होली'। अमर उजाला ने लिखा है – हम फिर चैंपियन।

आज के समाचार पत्रों की सुर्खियों में टीचिंग शेयरिंग प्रोग्राम पर शिक्षा मंत्री धन सिंह के बयान को भी प्रकाशित किया गया है। अमर उजाला ने लिखा है– निजी विद्यालयों में भी पढ़ाई जाएगी हमारी विरासत एवं विभूतियां पुस्तक।

हरिद्वारा में दो मासूम बेटियों की हत्या को भी समाचार पत्रों ने स्थान दिया है। हिन्दुस्तान समाचार पत्र ने लिखा है – हरिद्वार में मां ने ही की थी दोनों मासूमों की हत्या।

ऋषिकेश में आयोजित अंतरराष्ट्रीय योग महोत्सव पर राष्ट्रीय सहारा ने लिखा है – सीएम ने गंगा आरती कर पूजा–अर्चना की।